<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय ने राष्ट्र की सेवा के लिए आरएएफ की सराहना की।

CRPF ने अपनी रैपिड एक्शन फोर्स की **28** वीं वर्षगांठ को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। **1992** में, दंगों और कानून व्यवस्था संबंधित स्थितियों से निपटने के लिए एक विशेष बल के रूप में गठित किए गए आरएएफ ने अपने साहस और प्रतिबद्धता के बल पर एक विशिष्ट पहचान बनाई है। नीली कैमोफले़ज वर्दी पहने आरएएफ के शांति रक्षक प्रभावशीलता और 'संवेदनशील पुलिसिंग के साथ मानवता की सेवा' के प्रतीक बन गए हैं। राष्ट्र की सेवा में **28** गौरवशाली वर्षों के पूरा होने के महत्वपूर्ण अवसर पर सीआरपीएफ अकादमी, गुरुग्राम में बल ने भव्य परेड का आयोजन किया।

गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में, मंत्री जी ने दिल्ली दंगों से निपटने में बल के प्रभावी योगदान और देश भर में किये गए मानवीय कार्यों लिए सभी बल कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मिशनों में अनुकरणीय कार्य के लिए भी बल की सराहना की।

इस अवसर पर महानिदेशक सीआरपीएफ डॉ ए. पी. माहेश्वरी ने राष्ट्र को आश्वस्त करते हुए कहा कि आरएएफ पूरी प्रतिबद्धता और साहस के साथ देश की सेवा करता रहेगा। बदलते परिवेश में आरएएफ की नयी भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में असंतोष और अशांति पैदा करने के लिए असामाजिक तत्व धीरे-धीरे साइबर स्पेस और सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं, इन चुनौतियों से निपटने की दिशा में भी बल ने खुद को तैयार किया है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने आरएएफ गीत का लोकार्पण भी किया। महबूब आलम कोटवाल द्वारा लिखे, रंजीत बारोट के संगीत में सुप्रसिद्ध गायक शान द्वारा गाया गया यह गीत सर्वत्र शांति की भावना ओत प्रोत है।

परेड के बाद बल की वीरांगनाओं ने अपनी मनोरम राइफल ड्रिल कर सभी को अपनी कला, अनुशासन, व सामंजस्य से प्रभावित किया। आयोजन के दौरान **COVID-19** महामारी से लड़ने के लिए सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल और सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों का सख्ती से पालन किया गया।

BEST RAF
BN.